प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनाँक-15.06.2024**

योगाभ्यास/योग दिवस की तैयारी

आज दिनांक 15.06.2024 को श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के नेतृत्व में राजकीय स्टेडियम जनपद हमीरपुर में पुलिस लाइन हमीरपुर व पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। राजकीय स्टेडियम में मौजूद सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को योगा गुरू द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों को जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।